an>

Title: Need to release arrears of salaries, gratuity and other allowances in respect of employees of Lal Imli Mill, Kanpur, Uttar Pradesh-laid.

श्री सत्यदेव पचौरी (कानपुर): मैं माननीय कपड़ा मंत्री जी का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र कानपुर नगर में ब्रिटिश काल से चली आ रही और 2013 से बंद पड़ी ब्रिटिश इंडिया कारपोरेशन (बी.आई.सी) द्वारा संचालित लाल इमली मिल्स की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ ।

इस कपड़ा मिल के अधिकारिक रूप से बंद न किये जाने के कपड़ा मंत्रालय के निर्णय से, इस मिल में कार्यरत् सैकड़ो श्रमिकों को पिछले चार वर्षो से वेतन का भुगतान न होने से उनके परिवार अत्यन्त दयनीय स्थिति के दौर से गुज़र रहे हैं । यहाँ तक कि सेवा निवृत होने वाले कर्मचारियों को उनके सेवा निवृति के लाभ नहीं मिल पा रहे हैं । इस कारण लाल इमली के श्रमिक व उनके परिवार वेतन, इत्यादि की मांग के संबंध में अनके बार आंदोलन कर चुके हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर कानून-व्यवस्था की स्थिति गंभीर हो जाती है ।

स्थिति का इसी बात से अनुमान लगाया जा सकता है कि इन श्रमिकों को अंतरिम सहायता प्रदान करने हेतु माननीय सर्वोच्च न्यायालय को भी हस्तक्षेप करना पड़ा है ।

अतः मैं माननीय कपडा मंत्री से अनुरोध करूंगा कि इस बंद पड़ी कपड़ा मिल को अधिकारिक रूप से बंद करने तथा उनके बकाया वेतन, इत्यादि के भुगतान के संबंध में तात्कालिक रूप से तर्कसंगत निर्णय लेने की कृपा करें ।